# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा / 2025 / 638 दिनांकः 5-1-2026

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक सेमेस्टर परीक्षा–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति

अधिनियम –199 G1 से G21 (Notification No. 35) एवं Notification No. 38 के अनुसरण में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर (बकाया), तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी एवं प्रथम (बकाया), द्वितीय (बकाया), तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org एवं https://erp.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार जारी किया जाता है:–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | सामान्य शुल्क से तिथि | विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित | विलम्ब शुल्क रू. 500/– सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce/ B.SC. Bio-Tech./B.Sc. Home Scince/ Bachelor of Computer Application/ Bachelor of Business Administration/ Bachelor of Performing Arts/ Bachelor of Visual Arts (B.A., B.Sc., B.Com., B.Sc. Bio-Tech., B.Sc. Home Science, B.C.A., B.B.A., B.P.A. and B.V.A) प्रथम सेमेस्टर (बकाया), तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी | 07.01.2026 से 13.01.2026 तक | 14.01.2026 से 16.01.2026 तक | 17.01.2026 से 19.01.2026 तक |
| 2 | Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce (B.A., B.Sc., B.Com.) प्रथम/द्वितीय (बकाया), तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छठे सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate or Private) परीक्षार्थी | | | |

**नोटः**
1. **सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।**
2. **परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।**
3. **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र एक साथ भरवाये जा रहे है, लेकिन उनकी परीक्षायें अलग–अलग समय पर आयोजित करवायी जावेगी।**
4. **अधिसूचना (Notification) संख्या–35 (O.199 G20) के पृष्ठ संख्या 22 से 28 में वर्णित प्रक्रियानुसार समस्त नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम में दौरान इन्टर्नशिप प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना अनिवार्य है।**

### सामान्य निर्देश

1. **NEP में UG के नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (C-Grade) (न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक) एवं न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी। अतः परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जॉच कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।**
2. विद्यार्थी द्वारा परीक्षा हेतु आवेदन से पूर्व संबंधित परीक्षा हेतु अपनी योग्यता का निर्धारण स्वयं के स्तर पर करें। अयोग्य परीक्षार्थी द्वारा जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।
3. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर **स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व** ABC ID दर्ज करें, गलत सूचना दर्ज की जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
4. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** पर उपलब्ध हैं। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ट ''अ, ब एवं स'' देखें। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हैंण्ड़बुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देशों का अवलोकन करें।
5. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने के पश्चात् 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify की जॉच करने पर यदि Payment Not Success होता है (भुगतान नहीं होता है) तब पुनः (दुबारा) भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। निर्धारित समयावधि से पूर्व अतिरिक्त भुगतान की जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।**
6. यदि Payment Success के उपरान्त भी यदि आवेदक जानबूझकर एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी, तथा विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।
7. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में, संबंधित महाविद्यालय/विभाग में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं होगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा आवेदन पत्र जमा करायें। **महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे।**
8. संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी स्पष्टतया नोट करे कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं को एक बार ही नामांकन संख्या आवंटित की जाती है, भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में आवंटित की गयी नामांकन संख्या पूर्ववत (Same as already allotted) रहेगी।
9. स्नातक (कला/विज्ञान) परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। **अतः प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।**
10. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531, 9251198577** अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक**

कृ.पृ.उ.

क्रमांक : परीक्षा/2025/ 639-650 दिनांकः 5-1-2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्रों की अलग–अलग प्रति/हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विशेष रूप से राजस्थान बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र नामांकन पत्र के साथ संलग्न हैं एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   (ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर) हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

   (स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या–1(अ) की पूर्ण पालना नहीं करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती होगी।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि सत्र 2025–26 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध सीटों सहित संबंधित कम्प्यूटर फर्म को भिजवाने का श्रम करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि सूचना को मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी/विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
7. वरिष्ठ निजी सहायक माननीया कुलगुरू/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक –द्वितीय/सेलर– I, II/परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बकाया), तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित (Regular) परीक्षार्थी एवं प्रथम/द्वितीय (बकाया), तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छटे सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate or Private) परीक्षार्थियों परीक्षा–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश

1. सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी अधिसूचना (Notification) नम्बर 35 का अवलोकन कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
2. **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र एक साथ भरवाये जा रहे है, लेकिन उनकी परीक्षायें अलग–अलग समय पर आयोजित करवायी जावेगी।**
3. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। नियमित छात्रों को पाठ्यक्रम के सेमेस्टर अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में सी–ग्रेड (40 प्रतिशत) अंक भी प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।
4. सम्बन्धित प्राचार्य अपने स्तर पर सतत् मूल्यांकन में 40 प्रतिशत अंक व 75 प्रतिशत उपस्थिति के सुनिश्चित होने के उपरान्त ही सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें। यदि किसी विद्यार्थी के अग्रेषित परीक्षा आवेदन पत्र में उपरोक्त त्रुटि पाये जाने पर महाविद्यालय पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः छात्र निर्धारित स्थान पर **स्वयं का मोबाईल नम्बर,** ABC ID व आधार कार्ड नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
6. सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.univraj.org पर अपनी ABC ID के द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन करते हुये संबंधित कक्षा की श्रेणी यथा नियमित/स्वयंपाठी का चयन कर अध्ययन किये गये विषयों का चयन करते हुये परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
7. परीक्षा आवेदन पत्र, समय सारिणी तथा परीक्षा आयोजन संबंधी अन्य जानकारियों हेतु वेबसाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** का निरंतर अवलोकन करते रहें।
8. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क के भुगतान होने की सूचना मिलने पर भुगतान का अपडेट सुनिश्चित किये जाने पर (Payment Verify) ही पुनः भुगतान 12 घंटे पश्चात् ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापिस (Refund) नहीं होगा।**
9. परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानीपूर्वक भरें। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में, परीक्षा फॉर्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं हो होगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फॉर्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।
10. स्नातक (कला/विज्ञान) विषय की परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः निर्धारित **प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाईट www.uniraj.ac.in and www.univraj.org पर कराना होगा।** तत्पश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
11. **परीक्षार्थी ध्यान रखें की परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं हो या आपके विवरण से मिलान नहीं हो तो पूर्व में भरे गये फॉर्म को निरस्त मानते हुये पुनः नया परीक्षा फॉर्म भरें तथा परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढें।**
12. परीक्षा फॉर्म भरने वाले छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवदेन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड करें। **परीक्षार्थी अपना नाम, पिता व माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंकतालिकाओं के अनुसार ही भरें।**
13. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। परीक्षा शुल्क के अलावा अन्य सभी निर्धारित शुल्क देय होगा।
14. **सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन कर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म में बदलाव संभव नहीं होगा।**
15. नियमित विद्यार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित विद्यार्थी हैं वहॉ जमा करवायें एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थी नजदीकी राजकीय महाविद्यालय का चयन कर परीक्षा आवेदन पत्र भरें तथा उसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ चयनित राजकीय महाविद्यालयों में जमा करायें।
16. महाविद्यालयों के नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र का आवंटन विश्वविद्यालय द्वारा यथा समय निर्धारित होगा। परीक्षा केन्द्र की सूचना परीक्षार्थियों के परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध होगी।
17. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में **परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी** संबंधित महाविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा उन्हे परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

18. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त समझे जाऐगें।

19. **महाविद्यालयों द्वारा लोगिन आई.डी. का निर्माण, फॉर्म चैकिंग व परीक्षा आवेदन पत्रों की कक्षावार/संकायवार सूची आदि से संबंधित आवश्यक निर्देशों यथा महाविद्यालय लोगिन आई.डी./ई.मेल आई.डी. का** वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** एवं www.univraj.org पर अवलोकन करें।

20. परीक्षा आवेदन पत्र का संबंधित महाविद्यालय द्वारा पोर्टल पर सत्यापन (Verified) करके उनकी सूची का प्रिंट पोर्टल से लेकर उस सूची में अंकित क्रमानुसार प्रत्येक परीक्षा आवेदन पर पर अंकित कर उन्हे कक्षावार व्यवस्थित कर परीक्षा आवेदन पत्रों एवं अंकतालिकाओं के साथ सूची सहित **दिनांक 20.01.2026** तक विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

21. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531, 9251198577** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

22. कार्यालय आदेश क्रमांकः Exam. IV-A/V-A, B/2025/1772 dated 31.05.2025 के अनुसार (NEP-2020) सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क निम्नानुसार हैः–

**Examination Fees Schedule**

| **XIII- Under Graduate Semester Scheme (NEP-2020) Exam. 2025-26** | | | |
|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Class** | **Fees For Session 2025-26** | |
| | | **Exam. Fee prescribed** | **Exam Fees prescribed for PH students** |
| 1 | U.G. Exam. (Regular students) U.G. Students Sem.-I, Sem.-II, Sem. III, Sem.-IV each semester | 1760/- | 520/- |
| 2 | U.G. Exam. (Regular students) Sem.-V & Sem. VI each semester | 2550/- | 520/- |
| 3 | Non-Collegiate U.G. Students Sem.-I, Sem.-II, Sem. III, Sem.-IV each semester | 6120/- | 3070/- |
| 4 | Non-Collegiate U.G. Students Sem.-V & Sem. VI each semester | 5130/- | 2200/- |

**Note:-** In addition to above fee schedule following fees shall also be charged:-

1- Practical Fee @ Rs. 210/- per paper for Regular and Non-Collegiate category students.

2- Enrollment Fee Rs. 410/- from Rajasthan Board Students and Rs. 820/- from other than Rajasthan Board Students.

3- Practical Training Fees of Rs. 1500/- per subject (for both semesters) shall be charged from Non-Collegiate Students belong to Science Faculty, whereas Rs. 1000/- per paper (for both semesters) shall be charged from the same category students belong to other than Science faculty.

23. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत होने वाली सेमस्टर परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय अधिनियम –199 G1 से G21 (Notification No. 35) का अवलोकन करें:– **परिशिष्ठ–अ**

03.01.26

परीक्षा नियंत्रक